an>

Title: Need to set up Divisional Office and Regional Office of Central Ground Water Board in Bihar and Jharkhand respectively.

श्री अश्विनी कुमार चौबे (बक्सर)ः पटना (बिहार) में केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड का क्षेत्रीय कार्यालय तथा इसका प्रभागीय कार्यालय रांची (झारखण्ड) में अवस्थित है। क्षेत्रीय एवं प्रभागीय कार्यालयों के दो राज्यों में अवस्थित होने की वजह से कूप खुदाई, अन्वेषणात्मक कार्यों यथा पानी में आर्सेनिक एवं फ्लोराइड तत्वों से बिहार एवं झारखण्ड के बहुतायत जिले प्रभावित हैं, जिसके निदान हेतु अपेक्षित काम दोनों राज्यों को नहीं मिल पा रहा है। देश के प्रायः सभी राज्यों में क्षेत्रीय एवं प्रभागीय दोनों ही कार्यालय अवस्थित हैं। मेरा संसदीय क्षेत्र बक्सर (बिहार) आर्सेनिक एवं फ्लोराइड दोनों तत्वों से प्रभावित है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि जनहित में केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड का "प्रभागीय कार्यालय" बक्सर, पटना, अथवा भागलपुर (बिहार) में तथा रांची (झारखण्ड) में "क्षेत्रीय कार्यालय" खोलने हेतु यथोचित कार्रवाई की जाए ताकि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी की महत्वाकांक्षी योजनाओं यथा प्रधानमंत्री सिंचाई योजना, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण को नई दिशा प्रदान की जा सके।